श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

शिक्षण अधिगम केन्द्र

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

चरण-V, कार्यक्रम सं. - 05

एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

ऑनलाइन अभिलेख प्रारूपण एवं प्रबन्धन

17 जुलाई, 2021 (शनिवार)

परिचयः

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 38 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है । पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जायेगा।**

सन्दर्भः

किसी भी कार्यालयीय कार्य प्रणाली की सम्प्रेषणीयता को गतिमान बनाने में डाक्यूमेंट्स निर्माण, संगठन एवं प्रबंधन अहम् भूमिका निभाते है। कार्य की प्रकृति एवं आवश्यकतानुसार ये डाक्यूमेंट्स विविध स्वरूपों एवं प्रारूपों यथा- फाइल नोट एवं टिप्पणियाँ, आदेश, सूचना परिपत्र, अधिसूचना, प्रार्थना पत्र आदि के रूपों में प्रयोग किये जाते है । इन डाक्यूमेंट्स के आवश्यक संरचनात्मक तत्त्वों का ज्ञान, सम्पादन, सहयोगात्मक अभिकल्पन आदि सम्बन्धित कार्य कुशलता किसी भी कार्यालयीय कार्य संस्कृति एवं कार्य शैली को प्रबल आधार प्रदान करने में सहायता प्रदान करती है। इसके साथ वर्तमान कोरोना काल में इन कार्य प्रणालियों को ऑनलाइन रूप में प्रभावी रूप से संचालित करना प्रत्येक गैर-शैक्षणिक कर्मी की अनिवार्यता बन जाती है। इसी सन्दर्भ में एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन प्रतिभागियों के ऑनलाइन रूप में विविध कार्यालयीय डाक्यूमेंट्स के प्रारूपण, निर्माण, प्रबंधन एवं संपादन सम्बंधित कुशलताओं को संवर्द्धित करने के आशय से किया जा रहा है।

उद्देश्यः

इस कार्यशाला के उद्देश्य है-

- कार्यालयीय डाक्यूमेंट्स के विविध रूपों एवं प्रारूपों के संरचनात्मक तत्त्वों से परिचित करना।
- डाक्यूमेंट्स का विविध रूपों में लेखन सम्बन्धित कौशलों का विकास करना।
- विविध डाक्यूमेंट्स का ऑनलाइन प्रबन्धन एवं संपादन सम्बंधित क्षमताओं का संवर्द्धन करना।

लक्ष्य समूह:

- श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के **समस्त गैर-शैक्षणिक कर्मी**।

पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹100/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.edugfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **16 जुलाई, 2021 को दोपहर 03 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। कार्यशाला की **प्रवेश क्षमता 100** है और पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।
2. कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।

महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म: **गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।

समन्वयक एवं संयोजक — प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज, निदेशक

सह-संयोजक — डॉ. पिंकी मलिक

कार्यक्रम सुगमकर्ता — श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल, एवं श्री सचिन कुमार।

संरक्षक
प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय
कुलपति

आयोजक

शिक्षण अधिगम केन्द्र

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in